डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 181 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 14 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया




### अल्फा स्कूल में छह साल के बच्चों से...
## जानवरों जैसा सलूक!



**शामगढ़, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्रतिष्ठित स्कूलो में शुमार अल्फा इंटरनेशनल स्कूल में छह-छह साल के बच्चो के साथ जानवरो जैसा सलूक किया जा रहा है। जब अभिभावक द्वारा अपने बच्चो के साथ इस तरह का सलूक नहीं करने की कहा जाता है तो उल्टा जवाब दिया जाता है। कहा जाता है कि मुर्गा ही तो बनाया है, कोई जान थोड़ी ले ली है!

वर्तमान समय में आमजन के मन में यह धारणा बन चुकी है की जितना महंगा स्कूल होगा, वहां उतनी ही अच्छी पढ़ाई होगी। लेकिन, यह बात पूरी तरह सही नहीं है? इसे करीब से देखना और समझना है तो इन महंगे स्कूलो में बचो के साथ होने वाले व्यवहार को देख लेना चाहिए। आए दिन बचो के साथ अमानवीय व्यवहार की खबरे सुनने को मिलती है। ऐसी ही खबर मिली है शामगढ़ नगर के अल्फा इंटरनेशनल स्कूल से, जहा बचों द्वारा शिक्षिका से बाथरूम करने बाद वापस आने पर इंग्लिश में 'में आई कमिंग मैंम' नहीं बोलने पर मैडम द्वारा 06 वर्षीय बचों को मुर्गा बनाकर और हाथ ऊपर खड़े रखने की सजा दी गई।

जानकारी के अनुसार रेयांश पिता संजय दुआ अल्फा इंटरनेशनल स्कूल को कक्षा केजी सेकंड में पढ़ने के दौरान इस प्रकार की सजा दी गई। जब अभिभावक ने अकाउंटेंट अजय गुप्ता से इस तरह की सजा को लेकर बात की गई तो उनके द्वारा बद्तमिजी से कहा गया है की मुर्गा ही तो बनाया है, फांसी पर थोड़ी चढ़ा दिया है। एक बचे के प्रति स्कूल स्टाफ की भाषा और व्यवहार से यह समझ सकते हैं की आजकल महंगे स्कूल में किस प्रकार से शिक्षा बचो को दिए जा रही है। दरअसल पहले स्कूल के शिक्षको को बच्चो के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, इस संबंध में समुचित शिक्षा दिए जाने की जरूरत है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हवा में...
### स्कूल संचालक ने कोतवाल को साथ मिलाकर फरियादी को चमकाया..!

बता दे कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश है कि मासूम बच्चो को नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओ तक प्रेम से रखना होगा। मारपीट या किसी भी तरह का पनिशमेंट अर्थात सजा नहीं दी जाएगी। यदि कोई बच्चा कमजोर है तो उसे अन्य तरीको से प्रोत्साहित किया जाए। लेकिन, किसी भी तरह की हिंसा या मुर्गा बनाने, दोनो हाथ खड़े कर कुछ देर तक रखना, हाथ या स्केल से पिटाई नहीं की जाए। लेकिन, शामगढ़ का अल्फा स्कूल संचालक अपनी दादागिरी से उल्टे चोर डॉटे कोतवाल की तर्ज पर थाने पहुंचे और कोतवाल को भी अपनी ओर मिलाकर फरियादी को चमकाते नजर आए। ऐसे में मानव अधिकार आयोग, बाल आयोग को भी शिकायत किए जाने की संभावना दिख रही है।

## बुजुर्ग की मौत के मामले में डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौराहा के समीप स्थित ऐरन हॉस्पिटल में उस समय हंगामा हो गया। जब एक बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जावद निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग राजमल पिता नाथू लाल सांवलिया को प्रोस्टेट के ऑपरेशन के लिए 3 दिन पहले एरन अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां बुजुर्ग का ऑपरेशन किया गया था।

बताया जा रहा है कि ऑपरेशन के बाद रक्त स्राव शुरू हो गया। जिस पर परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ को इस बारे में जानकारी दी। इसके बावजूद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि मरीज के ब्लड नहीं रुकने पर उनके ओर से मरीज को उदयपुर, अहमदाबाद के लिए रेफर करने के लिए कहा गया। हालांकि, उन्होंने रेफर न करते हुए जल्दी ठीक होने की बात कही। इसी बीच अस्पताल की लापरवाही के चलते बुजुर्ग की मौत हो गई। वही हंगामे की सूचना पर नीमच कैंट थाना पुलिस भी ऐरन अस्पताल पहुंची। जहां मृतक राजमल के परिजनों से चर्चा कर हंगामे को समझा.... **शेष पेज 4 पर**

### मामला वेंटीलेटर पर पड़ी लालघाटी की सड़क का...
# लोकसभा में भाजपा को निपटाने का प्रयास तो नहीं कर रहे नगर पालिका के मट्ठे अधिकारी?




**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विधान सभा चुनाव में नगरपालिका द्वारा किए गए कई काम कथित रूप से भाजपा के खिलाफ गए। इससे भाजपा को नुकसान भी हुआ। इधर लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से वही घटनाक्रम कहीं भाजपा को नुकसान न पहुंचा दे। हम बात कर रहे हैं लालघाटी रोड की, जहां कायाकल्प अभियान में लेकर रोड खोद दी गई। इसके बाद पता चला कि यह रोड बनाने का काम तो सेतु विभाग का है। अब दो विभागों में उलझी सड़क के बीच सैकड़ों लोग और राहगीर परेशान हो रहे हैं।

नगरपालिका ने कायाकल्प के पहले चरण में लालघाटी मार्ग को भी लिया था। इसका निर्माण अच्छी क्वालिटी का होना था। विगत 5 माह पहले ठेकेदार ने नवनिर्माण के लिए सड़क को खोद भी दिया। खोदकर सड़क को छोड़ दिया और गिट्टी व चूरी बिछाई गई। इस बीच समीप में संजीत फाटक पर चल रहे ओवरब्रिज पर आवागमन भी शुरू हो गया। लालघाटी मार्ग से निर्माणाधीन ब्रिज के दौरान ट्रैफिक को डायवर्ट किया था। वाहनों का दबाव पड़ा तो रोड खराब हुआ, लेकिन विडबंना यह कि नपा को तब याद आया कि ट्रैफिक के दबाव से रोड खराब हुआ जब कायाकल्प में निर्माण शुरू होने वाला था और रोड खोद भी दिया गया। इसके बाद सेतु विभाग से यहां पर सीसी रोड की मंजूरी के लिए प्रयास शुरू हुए। इस बीच अब आचार संहिता लग गई। इस कारण पिछले 5 माह से यह सड़क निर्माण का इंतजार कर रही है। इससे आवाजाही करने वाले लोग भी उड़ती धूल व गिट्टी से परेशान हो चुके है।

### मंजूरी, टेंडर और खोद भी दी सड़क...

इस सड़क की मंजूरी और उसके बाद टेंडर तक हो गया। ठेकेदार ने सड़क खोद भी दी। तब जाकर नपा को याद आई कि यह सड़क तो संजीत रोड़ ओवरब्रिज निर्माण के दौरान ट्रैफिक को इस पर डायवर्ट करने के कारण खराब हुआ है। इसका निर्माण हम क्यों करें? जनता को परेशानियों से जूझने के लिए छोड़ते हुए सड़क निर्माण कार्य बीच में ही रुकवा दिया गया। इसके बाद सेतु विभाग को रोड मंजूरी के लिए लिखा। साफ बात है कि कहीं न कहीं नगरपालिका के मट्ठे अधिकारी और इंजीनियरो की अदूरदर्शिता लोगों की परेशानी का कारण बन रही है।

### चुनाव बाद ही बनेगी बात...

वर्तमान में आचार संहिता लगी हुई हैं, लेकिन कायाकल्प में मंजूरी के बाद इसका निर्माण नहीं हो पाया। नपा ने सेतु विभाग को लिखा है। बताया तो यह जा रहा है कि मंजूरी भी अंतिम दौर में थी, लेकिन अब चुनाव बाद ही हो पाएगी। ऐसे में कुछ माह रहवासियों एवं राहगीरो को इस समस्या से जूझना पड़ेगा। सड़क को लेकर नगरपालिका अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा यहां के रहवासी भोग रहे है।

### लोगों को हो रही परेशानी...

एक ओर सड़क खुद हुई है और इस क्षेत्र से आवाजाही करने वाले हजारों लोगों को हर दिन परेशानी भोगना पड़ रही है। इस बीच सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने अपनी हद पार कर सड़क तक अतिक्रमण कर लिया गया। बावजूद इस पर किसी का ध्यान नहीं है। वाहनों की आवाजाही के बीच हर दिन रहवासी व आवाजाही करने वाले वाहन चालक धूल फांकने को मजबूर हैं। उड़ती धूल घरों तक भी पहुंच रही है। लेकिन, आम लोगों की परेशानियों से नपा अधिकारियो को मानो कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

## आईपीएल: दो सटोरिये धराए, तीन की तलाश
### फरार आरोपियो में खिलचीपुरा सरपंच इकबाल मेव भी शामिल


**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट के सट्टे पर कार्रवाई है। जहां पुलिस ने दो सटोरियो को दबोचा है। वहीं तीन को पुलिस तलाश रही है। आरोपियो से पुलिस ने 15 लाख का हिसाब किताब और मोबाईल जब्त किया है।

नई आबादी थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर खिलचीपुरा जमात खाने के पास दबिश दी गई। यहां नासिर हुसैन उर्फ पीटर निवासी खिलचीपुरा और सागर निवासी किटयानी को पकड़ा। इनके पास से 15 लाख रूपए का आईपीएल क्रिकेट का हिसाब किताब जब्त किया गया। इनसे पूछताछ में पता चला कि अजहर मेव निवासी खिलचीपुरा, इकबाल मेव निवासी जयपुरा और सिद्धीक निवासी नयापुरा को उक्त ट्रांजेक्शन किया गया है। इनके साथ ही मिलकर यह आईपीएल क्रिकेट सट्टे का कारोबार चला रहे थे। इन तीनो के खिलाफ भी पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

### मंदिर में चोरी करते सीसीटीवी में कैद हुए था बदमाश, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दिन दहाडे मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। तुरकिया पंचमुखी हनुमान मंदिर में गत् 10 अप्रेल 2024 को दोपहर 12.20 से 2 बजे के बीच चोरी की वारदात हुई थी। वारदात सीसीटीवी में भी केद हो गई थी। कमलसिंह पिता जुझारसिंह सौंधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सीसीटीवी में कैद हुई वारदात के अनुसार घटना दिनांक को बाइक पर सवार होकर दो बदमाश पहुंचे, एक बदमाश बाहर बैठकर निगरानी करता रहा, वहीं दूसरे बदमाश ने मंदिर में घुसकर दान पेटी का लॉक सब्बल से तोड़ दिया और 25 हजार रुपए लेकर दोनों बदमाश भाग गए। पुलिस ने विवेचना के बाद शनिवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## पुलिस के पहुंचने से पहले ही कोर्ट से भागा बदमाश, ढूंढने गई चार्ली टीम पर कुत्ते ने किया हमला
### एनडीपीएस में फरार 2 हजार के ईनामी आरोपी को पकड़ा


चार्ली जवान को काटने को तैयार स्ट्रीट डॉग

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर की नई आबादी थाना पुलिस ने एक ईनामी आरोपी को पकड़ा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस के पहुंचने से पहले ही कोर्ट परिसर से एक स्थायी वारंटी भाग निकला। जिसे ढूंढने गई पुलिस की चार्ली विंग को भी कुत्तो से भिड़ना पड़ा।

नई आबादी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरार स्थाई वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के फरार 2 हजार के ईनामी आरोपी बबलू उर्फ मांगीलाल सूर्यवंशी पिता भंवरलाल सूर्यवंशी निवासी मोरखेडा को पकडने मे सफलता मिली है।

एक अन्य मामले में स्थायी वारंटी अकबर पिता गफूर निवासी मुल्तानपुरा के कोर्ट परिसर के आसपास होने की खबर पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस ने यहां दबिश दी। लेकिन वह फरार हो गया। बताया जाता है कि अकबर गौवंश तस्करी के मामले में फरार चल रहा है। इधर जानकारी मिली कि उसे तलाशने के लिए कोर्ट परिसर की झाड़ियो में पहुंची पुलिस की चार्ली टीम जब कुएं के पास पहुंची तो वहां कुत्तो ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस जवान वहां से बमुश्किल बचकर निकले।

## अवैध शराब सहित 5 धराए

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ 5 आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने अलग-अलग मामलों में क्रमश: 10-10 (30 लीटर) शराब के साथ खंडेरिया मारु निवासी अमरसिंह पिता भेरुलाल गुर्जर, रातीतलाई निवासी बापूलाल पिता कंवरलाल सूर्यवंशी व कयामपुर निवासी दिलीप पिता बाबूलाल माली को, नारायणगढ़ पुलिस ने 20-20 क्वार्टर के साथ सोनगरा निवासी लालसिंह पिता रुपसिंह सौंधिया व रणायरा निवासी जसवन्तसिंह पिता केसरसिंह सौंधिया को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

### नगर में जहां से पेयजल सप्लाय होता है, उस कुएं की मुडेर पर खेल रहे थे बच्चे...
## पैर फिसलने से अंदर गिरे बालक की मौत



**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कुए में गिरने से एक बालक की मौत हो गई। शनिवार शाम 7 बजे करीब खात्याखेड़ी पुलिया के पास नगर परिषद् सम्पवेल पर स्थित कुए पर यह हादसा हुआ। खात्याखेड़ी निवासी 12 वर्षीय लक्स सैनी पिता स्व. माधव अपने छोटे भाई व एक अन्य बालक के साथ कुए की मुडेर पर चढ़कर खेल रहे थे, कुए पर हरी नेट लगी हुई थी, पैर फिसलने से लक्स नेट पर गिरा तो नेट फट गई और बालक अंदर गिर गया। लक्स के भाई व एक और बालक ने गांव में घटना की सूचना दी। सूचना खात्याखेड़ी निवासी गोपाल सैनी ने कुए में कूदकर बालक को बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार सूचना के बाद भी पिपलिया चोकी पुलिस मौके नही पहुंची। लक्स को बाहर निकालकर ग्रामीणजन पिपलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल में पुलिस पहुंची व घटना की जानकारी ली। शव का पीएम रविवार सुबह होगा। उल्लेखनीय है कि जिस कुए में बालक गिरा वह नगर परिषद् पिपलियामंडी का है, यहां से पेयजल सप्लाय होता है।






## भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर का जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 133वां जन्मोत्सव आज 14 अप्रैल, रविवार को अंबेडकर चौराहा मंदसौर पर भव्य रूप से मनाया जाएगा।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव पर अजाक्स जिला मंदसौर ने बताया कि 14 अप्रैल रविवार को प्रातः 10.30 बजे से बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर विचार संगोष्ठी का आयोजन होगा। साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, नवनियुक्त कर्मचारियों का सम्मान एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही ऐसे भी उन साथियों का भी सम्मान किया जाना है जिन्होंने विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने बच्चों को उच्च अध्ययन कर योग्य बनाया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिसके बाद दोप. 3 बजे से सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों का समता भोज भी होगा। बाबा साहब के समस्त अनुयायी अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सामाजिक एकता का परिचय देवें।

## शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज डा. अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव जी अंबेडकर की जन्म जयंती आज प्रातः 9.30 बजे शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अंबेडकर चौराहा मंदसौर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई जाएगी।

डॉ तोमर ने बताया कि इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन एवं वरिष्ठनेतागण विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने सभी कांग्रेसजनों, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीगण, मंडलम व सेक्टर अध्यक्षगण, सभी बीएलए, पार्षद/पूर्व पार्षदगण, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण से आयोजन में साथियों सहित समय पर उपस्थित होकर अपनी भागीदारी करने की अपील की है।

## कांग्रेस अजा विभाग द्वारा बाबा साहब के जन्मोत्सव पर होगा माल्यार्पण

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस अजा विभाग के अध्यक्ष श्री संदीप सलोद ने बताया कि भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव जी अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को परंपरा अनुसार अम्बेडकर चैराहा पर माल्यार्पण किया जायेगा। सुबह 9.30 बजे अम्बेडकर चैराहा स्थित बाबा साहब की आत्मकद प्रतिमा पर कांग्रेस अजा विभाग के तत्वाधान में माल्यार्पण कर उनके कार्यो पर प्रकाश डाला जायेगा। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन, पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटील, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारतीय, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया सहित वरिष्ठनेतागण उपस्थित रहेंगे। अजा विभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगणो सर्व श्री मनोहर रत्नावत, विकास राठौर, मुकेश यादव, राहुल वर्मा, पवन सूर्यवंशी, प्रहलाद पंवार, दिनेश सूर्यवंशी, तुलसीराम मेहर, कन्हैयालाल सिसोदिया, गोपाल तिवारी, प्रकाश परिहार, पवन बालेचा, दिनेश बिरमा ने समस्त कांग्रेसजनो एवं बाबा साहब के अनुयायियो से अधिक से अधिक संख्या में 14 अप्रैल रविवार को सुबह 9.30 बजे आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में भागीदारी करने का आव्हान किया है।

# मनमोहन सरकार ने किसानों का 72 हजार करोड़ का कर्जा माफ किया था- गुर्जर



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने शनिवार को जावरा विधानसभा के जावरा ग्रामीण ब्लॉक के विभिन्न ग्रामो में पहुंचकर प्रभावी जनसंपर्क किया। आमजन के बीच पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी श्री गुर्जर ने सीधे ग्रामीणो से संवाद करते हुये डॉ मनमोहनसिंहजी के समय हुये विकास कार्यो के साथ ही कांग्रेस द्वारा जारी न्याय पत्र के वचनो को रखते हुये परिवर्तन हेतु जनमानस से आर्शिवाद मांगा।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री गुर्जर ने ग्राम झालवा में आमजन को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा का आमजन से कोई सरोकार नही है। उन्होनें कर्जा लेकर नही चुकाने वाले उधोगपतियो का 16 लाख करोड का कर्जा माफ किया है लेकिन हमारी मनमोहनसिंहजी की सरकार ने अन्नदाता किसानो का कर्जा माफ किया, कमलनाथजी ने भी कर्ज माफ की है। फर्क साफ है कि कौन आपके हित की सोचता है और कौन पूंजीपतियो की। उन्होनें कांग्रेस के न्याय पत्र के वचन ग्रामीणो के बीच रखते हुये कहा कि अगर हमारी सरकार आयेगी तो एमएसपी को कानूनी दर्जा देगे जिससे सही दाम किसानो को मिलना निश्चित हो जायेगा। युवाओ को रोजगार के लिये तीस लाख नौकरिया निकालेगे। घर की वरिष्ठमहिला को एक लाख की मदद देगे। ग्राम माननखेडा में श्री गुर्जर ने कहा कि पिछले दस सालो से सांसद निधि का सही उपयोग ग्रामीण क्षेत्रो में नही हुआ है। भाजपा को आप लोगो ने दस साल दिये है, अगर आपका आर्शिवाद अगर मुझे लोकसभा चुनाव में मिलता है तो मैं आपके बीच बैठकर गांव के विकास के लिये भरपुर सांसद निधि दूंगा। उन्होनें केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारो द्वारा आमजन विरोधी रवैये से भी अवगत कराते हुये लोकसभा चुनाव में परिवर्तन के लिये जन आर्शिवाद मांगा। इस दौरान जावरा विधानसभा प्रत्याशी श्री विरेन्द्रसिंह सोलंकी, वरिष्ठ नेता श्री हिम्मतसिंह श्रीमाल, जावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री युसूफ कडप्पा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री दिनेश कुमावत (मोरिया), वरिष्ठनेता श्री वरूण श्रोत्रिय आदी ने भी ग्राम चैपालो को संबोधित किया। इस अवसर पर नागदा शहर ब्लॉक अध्यक्ष श्री राधे जायसवाल, पार्षद श्री कन्हैयालाल हाडा, युवा कांग्रेस प्रवक्ता श्री चंद्रशेखर नागदा सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन एवं गणमान्य आमजन साथ थे।



## जान्हवी जैन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि एम.ए अंग्रेजी विषय की छात्रा कु.जान्हवी जैन ने विक्रम विश्वविद्यालय की वर्ष 2023 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची मं प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस हेतु छात्रा कु.जान्हवी जैन को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित 28वां दीक्षान्त समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय परिवार द्वारा छात्रा की इस सफलता पर बधाई दी एवं उसके उज्वल भविष्य की कामना की।



## दीपाली जैन दो स्वर्ण पदक से सम्मानित

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के 28 वें दीक्षांत समारोह में राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में एम.एस.सी. (गणित) की छात्रा दीपाली राजेश कुमार जैन ने वर्ष 2023 की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से दो स्वर्ण पदक हासिल किए। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल, भगवतीलाल राजपुरोहित सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीपाली जैन को सम्मानित किया गया। दीपाली मंदसौर के कपड़ा व्यापारी राजेश कुमार जैन की सुपुत्री है। दीपाली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजनों एवं महाविद्यालय परिवार को दिया है।

## मां दुधाखेड़ी के दरबार में मतदाता जागरुकता अभियान



**भानपुरा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु शनिवार 13 अप्रैल को सीएम राइज विद्यालय के छात्रों ने अपने शिक्षक शिक्षिकायो के मार्गदर्शन में मां दुधाखेड़ी के दरबार मे प्रभाव पूर्ण नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर रोचक व प्रभावशाली संवाद के माध्यम से छात्रों ने उपस्थित सेंकडों महिला पुरुष व आमजन को मतदान हेतु प्रेरित किया। उपस्थित ग्रामीणों व भक्तजनों ने छात्रों व विधालय परिवार की प्रशंसा करते हुए उत्सहवर्धन किया। संस्था प्राचार्य सुनील तिवारी ने कहा कि इस नुक्कड नाटक के माध्यम से हमारा प्रयास है कि शत प्रतिशत मतदान के निर्वाचन आयोग के लक्ष्य हेतु लगातार प्रयास किया जाए। रैली प्रभारी भीमसेन वधवा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करना है। नुक्कड़ नाटक निर्देशिका डॉक्टर सुनीता समेरिया, किरण गौड़, किरण भूटानी ने छात्रों का कुशल मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर भवानीराम रावत, मनीष भारद्वाज, विजय राठौर, अनिल शर्मा, दुर्गालाल नागर, कुलदीप सिंह, दीपक गहलोत, शीला भाना, पूजा पाटीदार, वर्षा गेरा का इस सफल आयोजन मे विशेष योगदान रहा। उपस्थित पुलिस प्रशासन व मन्दिर कर्मचारी वर्ग ने सरहानीय सहयोग प्रदान किया। अंत मे आभार सुनीता समेरिया व संचालन भीमसेन वधवा द्वारा किया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्राण-प्रण से जूट जाए-पंवार

### सुवासरा मंडल की ढोढर, ढाबला भगवान, घसोई, रूनिजा, ढाबला देवल शक्ति केंद्र की बैठके संपन्न



**शामगढ़, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास के मूल ध्येय वाक्य के साथ भाजपा का कार्यकर्ता पंच से लगाकर प्रधानमंत्री तक इसी मूल वाक्य के साथ कार्य करता है बिना भेदभाव के 10 वर्षों की नरेंद्र मोदी की सरकार और 20 वर्षों र्से मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य किया है यह मोदी की गारंटी है देश का मान आज विश्व स्तर पर बड़ा है उक्त बात शक्ति केंद्रो की बैठकों मैं बूथ बूथ से आए कार्यकर्ताओं को आगामी समय मैं करणीय कार्यों र्की जानकारी देते हुवे सुवासरा मंडल प्रभारी बलवंत सिंह पंवार ने कही।

श्री पंवार ने कहा की देश की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी और लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से हम सब कार्यकर्ताओं की जिमेदारी है और घर घर जाकर मोदी जी का राम राम कहना है।हमारा बूथ पर केसे हमारे प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से विजय श्री हो इसकी योजना भी हम सब कार्यकर्ताओं को बनाना है ।हमारी सरकारों ने जो विगत 10 वर्षों मैं र्कार्य किए है यह कांग्रेस 70 वर्षों मैं र्नही कर पाए ।हमे भाजपा का कार्यकर्ता होने पर गौरवंतित महसूस होता है की हमने जो कहा था वो सब भाजपा की 10 वर्षों र्की सरकार ने कर दिखाया है ।चाहे भगवान श्री राम जी के मंदिर का निर्माण होकर प्राण प्रतिष्ठा हो जम्मू कश्मीर से धरा 370 हटाने का कार्य किया लरर कानून लागू करने का कार्य हो ये वो सब कार्य है जो 7 दशक से राह देख रहे थे आज आमजन मानस भाजपा की और आशा भरी नजर से देखता है विकसित भरता समृद्ध भारत के लिए यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है हम सब कार्यकर्ताओं को प्रण प्रण से जुटने की आवश्यकता है। बैठक मैं मंडल महामंत्री श्यामसिंह देवड़ा, मंडल कार्यलाय मंत्री अमित चौधरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जुझार सिंह गुर्जर शक्ति केंद्र प्रभारी विक्रम सिंह देवड़ा अंगारी शक्ति केंद्र सयोजक मेहरबान सिंह रेठडी ,पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद धाकड़ प्रभारी मनोहर सिंह तरनोद सहित शक्ति केंद्र सयोजक प्रभारी पंच परमेश्वर बूथ अध्यक्ष गण, महामंत्री बीएलओ सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## महाराष्ट्र समाज ने 75 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठों का किया सम्मान

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर में महाराष्ट्र समाज उन्नयन समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पाठक द्वारा बताया गया कि गुडी पडवा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन जिनकी आयु 75 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनका सम्मान शाल, श्रीफल एवं प्रशंसा पत्र से किया गया ।जिसमें सुश्री लज्जावती गुप्ते द्वारा 11000/- रूपये तथा श्री अरविन्द सोहोनी द्वारा 5501/- रूपये राशी समाज को भेट की गई। सभा में वार्षिक लेखा-जोखा का वाचन अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री गोविन्द वैशंपायन, श्री बसन्त हुपेले, श्री वसन्त तारे, श्री सुरेश कुलकर्णी वरिष्ठजन तथा अन्य प्रवीर काटे, अनील पाठक, सचिव श्री अनिल झॉसीवाले, एवं मात्र शक्ति, सौ. लता पाठक, सौ. आरती निसालकर, सौ. ज्योति गोडबोले एवं समस्त समाज जन उपस्थित हुए।अन्त में श्री सुभाषजी बुगदे द्वारा गुडीपडवा की जानकारी अपनो को देकर अपने आर्शीवचन से आभार माना।




## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग मंदसौर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा देश के उत्थान एवं प्रगति में दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जीवन में तरक्की करने के लिये संसाधन नहीं जोश एवं जज्बे की जरुरत होती हैं। आज भी आंबेडकर जी के विचार भारत की आर्थिक और सामाजिक अर्थव्यवस्था की समस्याओं का समाधान करने में मार्गदर्शन करते हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने भी उनके उपलब्धियों के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ़ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## बालाजी मंदिर पर हनुमान प्रकटोत्सव 23 को

**सुवासरा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर से 8 किलोमीटर दूर अति प्राचीन महान चमत्कारी वीर चेतन्य खाकरा वाले बालाजी मंदिर , घसोई (लखवा) मंदिर परिसर में राम भक्त हनुमान जी का प्रकटोत्सव 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा इस अवसर पर विशाल भंडारा एवं मेला और सामूहिक विवाह का आयोजन होगा 22 अप्रैल सोमवार को प्रात: 9 बजे रामायण की स्थापना रात्रि 8 बजे भजन संध्या 23 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 11 ;30 बजे अन्तराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के भेक भंडारी परम पूज्य संत श्री सम्भुराम जी महाराज के आशीष वचन होंगे दोपहर 12:30 बजे महाआरती के साथ पूर्णाहुति होगी इस अवसर पर 34 वा भंडारा महा प्रसादी के साथ संपन्न होगा अत: समस्त धर्म प्रेमी माता और बहनों से खाकरा वाला वीर चेतन्य हनुमान मंदिर समिति ने निवेदन किया है कि खाकरा वाला बालाजी के प्रकटोत्सव में सपरिवार पधार कर धर्म लाभ ले , समिति द्वारा भक्त जनो से निवेदन किया हे की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।

## सरकार ने बॉर्नविटा सहित सभी ड्रिंक्स और बीवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी से हटाया




**नई दिल्ली, 13 अप्रेल।** बॉर्नविटा सहित सभी ड्रिंक्स को अब हेल्थ ड्रिंक्स की कैटेगरी से हटा दिया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों को एडवाइजरी जारी कर उनको अपने पोर्टल्स और प्लेटफार्म से सभी पेय पदार्थों र्को हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी से हटाने का आदेश दिया है।

दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने हेल्थ ड्रिंक्स के बाबत जांच का आदेश दिया था। बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित एक वैधानिक निकाय, सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत अपनी जांच के बाद आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि स्वास्थ्य पेय को एफएसएस अधिनियम 2006 के तहत परिभाषित किया गया है। जांच में यह भी पाया गया कि बोर्नविटा में शुगर का स्तर स्वीकार्य सीमा से काफी ऊपर है। हेल्थ ड्रिंक्स कैटेगरी से हटाए जाने के मंत्रालय के आदेश के पहले एनसीपीसीआर ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया था जो सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों को पूरा करने में विफल रहीं। साथ ही ऐसी कंपनियां जो पावर सप्लीमेंट को 'स्वास्थ्य पेय' के रूप में पेश कर रही थीं। दरअसल, देश के खाद्य कानूनों में स्वास्थ्य पेय को परिभाषित नहीं किया गया है और इसके तहत कुछ भी पेश करना नियमों का उल्लंघन है। एफएसएसएआई ने इस महीने की शुरुआत में ई-कॉमर्स पोर्टलों को डेयरी-आधारित या माल्ट-आधारित ड्रिंक्स को हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में लेबल करने से मना किया था।

## खोड़ाना नाग देवता के पंडे ने की भविष्यवाणी....

# लहसुन के भाव 50 हजार होंगे, अफीम अच्छी होगी, आगामी वर्ष में 47 दिन वर्षा के होगें, राजनीति में जैसा है, वैसा ही चलेगा





**कुचड़ोद, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आगामी वर्ष में कुल 47 दिन वर्षा होगी। आधा ज्येष्ठ महीने में भारी डुमड़ा होगा। कहीं कहीं ज्यादा पानी गिरेगा। फसल बोने वाले जीत में रहेंगे। पहली बोवनी आषाढ़ महीने की सप्तमी तक होगी। दुसरी बोवनी आधा आषाढ़ से होगी। तीसरी बोवनी सावन महीने की सप्तमी तिथि तक होगी। इस वर्ष वर्षा कम होगी। फसलें कमजोर होगी।

यह भविष्यवाणी दलौदा तहसील के ग्राम खोड़ाना मैं नाग देवता के पंडा माधुलाल धनगर ने की। यहां प्रतिवर्ष चेत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि को आगामी वर्ष की भविष्यवाणी की जाती है। भविष्यवाणी सुनने के लिए अंचल क्षेत्र के कई ग्रामीण पहुंचते हैं। यहां की भविष्यवाणी कोटडा माताजी की भविष्यवाणी से पूरी तरह से मिलती-जुलती रहती है। नाग देवता के पंडा माधु लाल ने भविष्यवाणी करते हुए बताया। इस वर्ष पानी कम गिरेगा। कुआ बावड़ी खाली रहेंगे। कुछ जगह पर भर जाएंगे। सावन महीने में 20 दिन बारिश नहीं होगी। आश्विन माह में पानी ज्यादा गिरेगा। जिससे कुआ बावड़ी भर जाएंगे। मिर्च की फसल अच्छी होगी। काली फसलों पर भार रहेगा। चना गेहू अच्छे होंगे। कार्तिक महीने के बाद अलसी के भाव में तेजी आएगी। 2025 में अच्छे भाव मिलेंगे। सोयाबीन के भाव में भी तेजी आवेगी। अफीम की फसल अच्छी होगी। प्याज के भाव भी अच्छे रहेंगे। वहीं लहसुन के भाव में घट बड़ चलती रहेगी। भाव दुगने तक हो जाएंगे। लहसुन के भाव 50 हजार पार कर जाएंगे। नाग देवता के पंडे ने भविष्यवाणी करते हुए बताया। राजनीति में जो चल रहा है। वही चलेगा। पिछली बार भविष्यवाणी करी थी। राजा बदलेगा। और प्रदेश का राजा बदला है। बीमारियां ज्यादा चलेगी। आंधी तूफान ज्यादा चलेंगे। वैशाख ज्येष्ठ आषाढ महीने में आंधी चलेगी। फाल्गुन महीने में बीमारी चलेगी। मावठे सात है। पर दो गिरेंगे। दो बार पाला गिरेगा।

# मतदान दलों के कर्मचारी तनाव मुक्त रहकर दायित्व निर्वहन करें-जैन

## कलेक्टर ने लिया मनासा में मतदान दलों में प्रशिक्षण का जायजा



**नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में स्वकतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता एंव सजगता के साथ तनाव मुक्त रहकर अपने निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करें। मतदान संबंधी निर्देशों का पीठासीन अधिकारी एंव मतदान अधिकारी बारिकी से अध्ययन कर लें, ताकि उन्हें सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न कराने में कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मनासा मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिए। मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नीमच व जावद तथा शासकीय महाविद्यालय मनासा एवं जावद में 13 अप्रैल 2024 को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने मनासा में प्रशिक्षण कक्ष में मतदान दलों के साथ बैच पर बैठकर मतदान दलों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम जायजा लिया।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मनासा में मतदान दलों के प्रतिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में लगे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एंव वीवीपीएटी के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यीक है। वे ईव्हीएम व वीवीपीएटी के बारे में अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास करले, ताकि उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई कठिनाई ना हो। उन्होनने कहा, कि मतदान दलकर्मी निर्देश पुस्तिका का अच्छी तरह से अध्ययन करलें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम व वीवीपीएटी का हेण्ड आन प्रशिक्षण भी दिया, निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को छोटे छोटे समूह में इलेक्ट्रॉनिक ईव्हीएम व बौचीपीएटी के बारे में विस्तार से समझाईश देते हुए ईव्हीएम व वीवीपीएटी का संचालन भी करवाया गया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मतदान दलों के प्रशिक्षण केन्द्र मनासा के निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर स्थापित किये गये हेल्प डेस्कस का निरीक्षण कर फार्म 12 डी एवं ई.डी.सी प्राप्त करने की सुविधा की जानकारी ली।

# श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर पर पांच दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव

## आचार्य श्री रामानुज जी के प्रवचन, श्री सुंदरकांड पाठ और दिव्य श्री हनुमंत महायज्ञ का होगा आयोजन



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भक्तों पर असीम कृपा बरसाने वाले श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाया जायेगा। मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में पांच दिवसीय महोत्सव की श्रृंखला में अनेक आध्यात्मिक आयोजन होंगे, जिनमें श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ढोल धमाकों के साथ भगवान श्री बालाजी महाराज की भव्य आरती की जाएगी। पांच दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव 19 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस दिन श्री विश्वपति रामायण मंडल द्वारा सायंकाल 7.30 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ मंदिर परिसर में किया जाएगा। दिनांक 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रवचन माला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मंदिर परिसर स्थित सत्संग हाल में आचार्य श्री रामानुज जी द्वारा रात्रि 7.45 बजे से 9.00 बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन होंगे। तीन दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ दिनांक 21 अप्रैल से प्रारंभ होगा। आचार्य डॉ. देवेंद्र जी शास्त्री धारियाखेडी के आचार्यत्व में पंच कुंडीय महायज्ञ होगा। 23 अप्रैल मंगलवार को श्री हनुमान जयंती के पावन दिवस पर प्रातः 6 बजे ढोल-ढमाकों, बैंड की स्वर लहरियों के बीच भक्तों पर कृपालु भगवान श्री बालाजी महाराज की भव्य महाआरती की जाएगी। आतिशबाजी कर उत्साह प्रकट किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा 2 क्विंटल पेडे एवं 1 क्विंटल गुड, चना, खानचना का प्रसाद वितरित किया जाएगा। महाआरती में आचार्य श्री रामानुज जी भी उपस्थित रहेंगे। 23 अप्रैल को पंच कुंडीय श्री हनुमत महायज्ञ की पूर्णाहुति भी होगी। इस दिन मंदिर दर्शन हेतु आने वाले आम श्रद्धालु भी महाआरती के पश्चात से प्रातः 11.30 बजे तक यज्ञ में आहुति प्रदान कर सकेंगे।

## मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकार पोस्टल बैलेट से कर सकते है मतदान

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविंद्र परमार द्वारा बताया गया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए 23 अप्रैल तक फॉर्म 12D भरकर जमा करवाए। 23 अप्रैल के पश्चात फॉर्म 12D जमा नहीं कर सकेंगे और पोस्टल बैलेट की सुविधा नहीं मिलेगी। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

## श्री तीन छत्री बालाजी धाम में होगा श्री लक्ष्मीनारायण नव कुण्डात्मक महायज्ञ

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हनुमान जयंति के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री तीन छत्री बालाजी धाम, खानपुरा पर श्री लक्ष्मीनारायण नव कुण्डात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पपू संत श्री श्री 1008 श्री महंत रामशिरोमणी दासजी महाराज सरंभग ऋषि आश्रम चित्रकूट धाम, श्रीश्री 1008 श्री महंत श्रीरामकिशोर दास जी महाराज, श्री तीन छत्री बालाजी धाम, मंदसौर और यज्ञाचार्य पं श्री विष्णुजी शर्मा के पावन सानिध्य में 19 अप्रैल से 23 अप्रैल 2024 तक आयोजन होगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत 19 अप्रैल को कलशयात्रा प्रातः 8 बजे से गणपति मंदिर जनकूपुरा से प्रारंभ होगी जो तीन छत्री बालाजी मंदिर पहुंचेगी। 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से यज्ञ शुभारंभ और अग्नि स्थापना। जिसके पश्चात 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे यज्ञ की पूर्णाहूति और सायं 4 बजे यज्ञ प्रसादी एवं भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री लक्ष्मीनारायण नव कुण्डात्मक महायज्ञ जैसा आयोजन मंदसौर नगर में प्रथम बार होने जा रहा है। श्री तीन छत्री बालाजी धाम, खानपुरा के समस्त भक्तों ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का निवेदन किया है।



## 10 फीट की दुकान और 20 फुट से अधिक अतिक्रमण...

# स्टेट हाइवे सड़क पर भारी अतिक्रमण, आमजन परेशान

**भानपुरा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा नगर को अतिक्रमण नगर का नाम दे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण ओर उस पर से दादागिरी यह आमबात है। यहां अतिक्रमण करने कि होड लगी है। चंबल तिराहे से नीमथुर गेट तक यह मार्ग नीमच भोपाल स्टेट हाइवे सडक का हिस्सा है इस मार्ग पर दुकानो कि लम्बाई 10 से 15 फीट हे पर दुकानों के बाहर 20 फुट से भी अधिक अतिक्रमण है। अतिक्रमी अपना सामान मुख्य सडक तक लेकर आ गये है। अच्छी खसी चौडी सडक को सकरी सडक में तब्दील कर दिया। इससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। आमजन को वाहन से तो ठीक पैदल चलना मुश्किल हो गया है। अगर कोई वाहन इन अतिक्रमण धारियों के सामान से टकरा गया तो पुरी दादागिरी ओर टुट फुट का मनमर्जी वसुली इन अतिक्रमण धारियों कि इतनी मनमानी है, कि भानपुरा तहसील के सबसे बडे अधिकारी तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा शनिवार की सुबह अपने शासकीय वाहन से तहसील कार्यालय जा रहे थे। तब बीच सडक पर एक फुलमाला बेचने वाली महिला कि दुकान के बाहर सडक फैले सामान से वाहन मामूली रूप से टकरा गया। तो उस महिला ने तहसीलदार तक से अभद्रता कि तहसीलदार ने फिर भी सहनशीलता रखते हुए माफी मांगी पर अतिक्रमणकारी महिला दादागिरी करती रही। अतिक्रमण का ओर अतिक्रमण धारियों कि दादागिरी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता हे कि वह तहसीलदार से नहीं डर रहे तो आमजन कि क्या बिसात, नगर परिषद कि सीमा में यह अतिक्रमण है। नगर पालिका अधिकारी व अन्य अधिकारियों को निश्पक्षता से अतिक्रमण हटाना चाहिए। मौके पर जमा भीड़ में कुछ लोगों ने कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की निष्क्रियता के चलते नगर में ऐसे हालात बने हैं। नगर परिषद प्रशासन क्यों अतिक्रमण नहीं हटा रही यह समझ से परे है। नया बस स्टैंड पर पुलिस चौकी हे यात्री प्रतीक्षालय हे यह भी अतिक्रमण कि चपेट में है। नगर परिषद के यहां तीन मार्केट है। इन तीनों में अतिक्रमण कि भरमार है। नगर परिषद कि दुकानों कि लम्बाई 10 से 12 फीट हे दुकानों के बीच में आवागमन के लिए गलियारा है। गलियारा तो लगभग सब दुकानदारों ने बंद कर दिया ओर उसके बाद लगभग 20 फीट सड़क पर अपना सामान जमा दिया। यह सरासर नगर परिषद प्रशासन कि उदासीनता है। ओर नगर परिषद को बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। आमजन का कहना है कि नगरपरिषद प्रशासन व पुलिस का सहयोग लेकर सख्ती से निश्पक्षता से अतिक्रमण हटाए व अतिक्रमियों को दण्डित करें व शासकीय भुमी पर रखे सामान जब्त करें।

तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा ने स्वीकार किया कि भानपुरा नगर में अतिक्रमण कि भरमार हे ओर इसको सख्ती से हटाया जायेगा। नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह कल से ही इस को हटाए। आपने कहा कि अतिक्रमण करने वालों कि दादागिरी कि भी शिकायत मिली है। अतिक्रमण किसी का भी हो हर हाल में हटाया जायेगा। नगर पालिका अधिकारी मोहम्मद अशफाक ने कहा कि आज में बाहर हुं कल से सख्ती से अतिक्रमण हटाया जायेगा। पुलिस व प्रशासन का सहयोग लेकर पुरे नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों कि मुलभुत सुविधाओं में किसी प्रकार कि कोताही न बरतें सफाई, पेयजल मुख्य प्राथमिकता रहे। नगर में हो रहे अतिक्रमण पर विधायक सिसोदिया ने कहा कि नगर परिषद निष्पक्षता से सड़क से अतिक्रमण हटाए। नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया बताया कि नगर परिषद की बैठक में काफी समय पूर्व नगर में फैल रहे भारी अतिक्रमण निष्पक्षता के साथ हटाने का निर्णय लिया गया था। अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू भी की गई। लेकिन अधिकांश समय मुख्य नगर पालिका अधिकारी शासन की आवश्यक बैठक में रहने के चलते अतिक्रमण मुहिम व्यवस्थित रूप से शुरू नहीं पाई। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लगने से अतिक्रमण मुहिम नहीं चल पाई। शीघ्र ही पूरी निष्पक्षता के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर फैल रहा अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# हर क्षेत्र में मोदी जी के नेतृत्व में विकास कार्य हुए-गुप्ता

**मंदसौर/नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** 10 वर्षो में संसदीय क्षेत्र की तस्वीर बदली है। हर क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास कार्य हुए है। रेलवे सिंचाई, महिला सशक्तिकरण, आवास, रोजागर नलजल जैसी कई योजनाओं का लाभ देशवासियों सहित क्षेत्रवासियों को मिला है। मोदी सरकार ने किसानों और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। उक्त बात भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर ग्रामीण मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

शनिवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने मंदसौर ग्रामीण मंडल के ग्राम पानपुर, चांगली, बोहराखेडी, ढीकोला, भुखी, साबाखेडा, सिंदपन , गुराडिया देदा, रलायता, रेवास देवड़ा, गुजरदा, कोचवी, जमालपुरा, गल्याखेडी, अघोरिया, सेजपुरिया, भालोट, जवासिया, करनाखेडी, नंदावता, आकोदडा, गुराडिया लालमुहा, अमलावद सहित अन्य ग्रमों में जनसंपर्क कर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को बड़ो का आशीर्वाद और स्नेह मिल रहा है। जगह-जगह यात्रा का स्वागत हो रहा है। सांसद




गुप्ता ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में 10 वर्षो में कई विकास कार्य हुए है। जितने पिछली सरकारों ने सोचे भी नही। मंदसौर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। इसी के साथ ही रेलवे में अभूतपूर्व सौगाते संसदीय क्षेत्र को मिली है। दोहरीकरण, विद्युतीकरण, स्टेशनें का आधुनिकीकरण हो रहा है। चंबल का पानी आज खेतों को सिंचाई के लिए उपलब्ध हो रहा है, जिससे खेती का रकबा भी बड़ा है। हजारों किसान अफीम नीति से लाभांवित हुए है। तो वही सरकार हर साल 6 हजार सीधे खातों में डाल रही है। महिलाओं को पेयजल के लिए भटकना नही पड़ रहा है। तो वही बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए केन्द्रीय विद्यालय और पीएमश्री व सीएम राइज स्कूल की सौगातें भाजपा सरकार के इन 10 वर्षो में मिली। बेटियों के लिए नर्सिंग कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है। सांसद गुप्ता ने कहा कि एक मजबूत और विकसित भारत का निर्माण के लिए एक बार फिर कमल का बटन दबाकर मोदी सरकार को लाना है। जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास के संकल्प को निरंतर बनाएं रखने के लिए हमें फिर से सुधीर गुप्ता जैसे सक्रिय, गंभीर विकास पुरूष को एक बार फिर संसद में भेजना है। इसके लिए आने वाली 13 मई को हर घर कमल खिलाना है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता पूरा विश्वास के साथ भाजपा के साथ खडी है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**-लगातार मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। हर जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे है। मंदसौर ग्रामीण मंडल में भी जनसंकर्प के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस की सदस्यता छोड़ भाजपा में शामिल हुए। जनसंपर्क के दौरान ग्राम साबाखेड़ा में श्री प्रकाश सूर्यवंशी, श्री कनक पाटीदार एवं ग्राम कोची में गोविंद सिंह जी ने भाजपा के सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली, विजन, मिशन एवं भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर उन्होने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। सभी कार्यकर्ताओं ने देश में मोदी सरकार बनाने और बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प लिया।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है।

## दुधाखेड़ी माताजी मंदिर नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़





**भानपुरा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा तहसील का प्रसिद्ध ऐतिहासिक धार्मिक स्थल दुधाखेड़ी माताजी पर चेत्र नवरात्रि का भव्य मेला आयोजित हो रहा हे मैले में व माताजी के दर्शन करने प्रतिदिन श्रध्धालुओ कि भारी भीड़ उमड़ रही है यह संख्या हजारों में है मेले कि आयोजक दुधाखेड़ी ग्राम पंचायत द्वारा मेले में सभी मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हे जिसे आने वाले श्रद्धालुओं ने सराहा पेयजल, सफाई व विद्युत व्यवस्था माकुल कि गई हे साथ ही वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी कि गई है पार्किंग स्थल पर सुरक्षा व पेयजल का विशेष ध्यान रखा गया हे सरपंच श्रीमती टीना मदनलाल मेघवाल, सहायक सचिव दिनेश रावत , सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल मेघवाल व सभी पंचगण व्यवस्था में लगे हैं मेले में व माताजी के दर्शन करने के लिए सुबह से लेकर देर रात भारी भीड़ आ रही है प्रबंधन समिति व पुलिस प्रशासन भी व्यवस्था में लगा है प्रतिदिन सेकंडों श्रध्धालु भानपुरा गरोठ, भवानी मण्डी व ग्रामीण अंचल से सेकडो यात्री नंगे पेर चलकर आ रहे हैं ओर माताजी के दर्शन पुजन कर रहे हैं रविवार, सप्तमी व नवमी के दिन श्रद्धालुओ कि संख्या हजारों में रहेगी।

## कलश यात्रा निकली, नानीबाई का मायरा कथा की हुई शुरुआत




**नगरी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर के मोटा कुंआ बालाजी मंदिर पर पांच दिवस महायज्ञ एवं नानीबाई का मायरा कथा की शुरुआत शनिवार को जल कलश यात्रा के साथ हुई।

आयोजन के तहत मंदिर परिसर में पंडित वैंकटेश्वर शर्मा के सानिध्य में यज्ञाचार्य पं. राकेश शास्त्री द्वारा पंचकुंडात्मक श्री राम मारुति महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत मंदिर परिसर में प्रतिदिन नानीबाई का मायरा कथा का वाचन कान्हा जी महाराज द्वारा किया जायेगा। कथा एवं महायज्ञ शुरुआत के पहले नगर में बैंड बाजों के साथ भव्य जलकलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जलकलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर जलकलश धारण किए हुई थी। चल समारोह में युवाओं एवं युवतियों ने भजनों की धुन पर थिरकते हुए गरबा भी खेलों

## नन्हे स्केटर युदित करेंगे एसजीएफआई नेशनल में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग के कक्षा तीसरी के 7 साल के नन्हे स्केटर युदित विद्या भारती की अखिल भारतीय स्तरीय मेरठ में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल जीतने के बाद



सतना में स्कूल गेम्स एंड फेडरेशन की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में कोच रिया पांडे के साथ विद्या भारती का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। छात्र युदित इस प्रतियोगिता में जाने वाले सबसे छोटे स्केटर हैं।

पूर्व में भी युदीत जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर व कास्य पदक जीत चुके हैं व आरइसएफआई की मोहाली में आयोजित हुई नेशनल प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुके हैं। युदित की इस शानदार उपलब्धि पर विद्या भारती अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविंदचंद्र महंत, सहसंगठन मंत्री श्री श्रीराम अरावकर, क्षेत्रीय मंत्री श्री विवेक शिंडे, विद्या भारती मालवा के संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्र, सह प्रांत प्रमुख नगरीय शिक्षा श्री सुंदरलाल शर्मा, क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख व मंदसौर विभाग के समन्वयक श्री कैलाश धनगर, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री अशोक पारीख, सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक व समिति के सहसचिव श्री सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजदीप परवाल, सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई व सैनिक स्कूल की प्राचार्य डॉ श्रीमती सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़ व आचार्य परिवार ने भैया को आशीर्वाद देते हुए उसके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।


## ✻ स्थान परिवर्तन ✻

✻✻✻✻✻ पूर्व पता ✻✻✻✻✻

चिश्तिया हाऊस, सेकण्ड फ्लोर, रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, तिरुपति पेन्ट्स के ऊपर, संजीत नाका, मंदसौर (म.प्र.)

✻✻✻✻✻ वर्तमान पता ✻✻✻✻✻

द्वितीय तल, भारत प्लाजा, गुरुद्वारा रोड, नई आबादी, मंदसौर (म.प्र.)

पशुपतिनाथ साख सहकारी सोसायटी मर्या. मंदसौर (म.प्र.)

पशुपतिनाथ शाखा मंदसौर एवं प्रधान कार्यालय

फोन नं.-07422-496501, मो.-9755302020, 9685758824, 9074798004


## बुजुर्ग की मौत के मामले...

... पेज 1 से जारी

बुझाकर शांत किया। वहीं मृतक के शव को बड़े अस्पताल भेजा गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों की सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।


# सलीम खान, एडवोकेट

एम.कॉम, एल.एल.बी., डी.एल.एल. (राजस्थान हाईकोर्ट)

कार्यालय एवं निवास- महात्मा गांधी कॉलोनी, माला फाटक के पास, कोटा (राज) मो.- 98290 65357

## ✻✻✻ आम सूचना ✻✻✻

मैं अपनी पक्षकारा श्रीमती राहत परवीन कुरेशी पुत्री श्री मरहूम मोहम्मद उमर कुरैशी, आधार संख्या 5291 4006 4630, मो.नम्बर-8619341720 निवासी कोटा, राजस्थान की हिदायत अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा के पिता मरहूम मोहम्मद उमर कुरैशी की निम्न सम्पत्ति कमश: (1) एक मकान संख्या 2049; वार्ड नम्बर 4. राव कॉलोनी, शामगढ़, जिला मन्दसौर, (म. प्र.), (2) एक मकान पाकिजा किराना स्टोर 13/15, वार्ड नम्बर 26, रिसाले वाली मस्जिद के पास, नीमच, (म.प्र.), (3) एक मकान वाके काशी कॉलोनी, स्टेशन रोड, डा.राजेश सोलंकी के पास, नगर परिषद मल्हारगढ़, जिला मन्दसौर (म. प्र.), (4). आराजी खाता संख्या 754 वाके ग्राम सगोरिया, तहसील शामगढ़, जिला मन्दसौर (म. प्र.) में 2.2000 हे. स्थित है। मेरी पक्षकारा के पिता मोहम्मद उमर कुरेशी का निधन दिनांक 03/02/2024 को हो चुका है और उनकी मृत्यु के पश्चात अब उक्त सम्पत्ति के उनके तीन उत्तराधिकारी क्रमश: 1. रजिया बी (पत्नी), 2. राहत परवीन (पुत्री) व 3 मोहम्मद सलीम (पुत्र) हकदार हैं।

यह कि मोहम्मद सलीम अकेले ही उक्त सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द कर हस्तान्तरण करने पर आमादा है, अतः हर खास व आम को सुचित किया जाता है कि वह उक्त सम्पत्ति की खरीद फरोख्त ना करें। अन्यथा नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

भवदीय

सलीम खान एडवोकेट

कोटा (राज.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in